PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Fri, 16 Jun 2017, Page 3
Width: 22.22 cms, Height: 12.11 cms, a4r, Ref: 38.2017-06-16.30

पर्यावरण प्रहरियों को प्रोत्साहित करेगी केंद्र सरकार

चिड़ियाघर में मनाए जा रहे स्वच्छता अभियान के दौरान रोपित पौधे को सींचते केंद्रीय पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ. हर्षवर्धन ।जागरण

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जल्द ही नई वेबसाइट बनाई जाएगी। इसमें पर्यावरण प्रहरियों के सराहनीय कार्यों का ब्यौरा अपलोड होगा, जिससे दूसरे भी उनसे सीख लेकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें। यह बात केंद्रीय पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. हर्षवर्धन ने चिड़ियाघर में मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने सफाई को लेकर चिड़ियाघर प्रशासन का उत्साहवर्धन किया और कहा कि स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्वक चलाने के लिए चिड़ियाघर को सम्मानित किया जाएगा। चिड़ियाघर को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने में मंत्रालय द्वारा हर संभव मदद देने का आश्वासन भी उन्होंने दिया। इस दौरान उन्होंने यहां चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया और पौधरोपण कर प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया।

चिड़ियाघर की निदेशक रेणु सिंह ने डॉ. हर्षवर्धन को रुद्राक्ष का पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान रेणु सिंह ने कहा कि वह चिड़ियाघर को एक बेहतर पर्यटक स्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने पर्यावरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक और गीत प्रस्तुत किए। डॉ. हर्षवर्धन ने परिसर का दौरा किया और वहां पिछले माह जन्मे नवजात दरियाई घोड़े को भी देखा।

पहल

- **लांच होगी वेबसाइट, सराहनीय कार्य अपलोड होंगे**
- **केंद्रीय पर्यावरण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दिया आश्वासन**